भारत सरकार

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं0 1018

10 फरवरी, 2021 को उत्तर के लिए

ओडिशा में मेट्रो रेल नेटवर्क

1018 श्री अश्वनी वैष्णवः

क्या ***आवासन और शहरी कार्य*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या ओडिशा में मेट्रो रेल नेटवर्क स्थापित करने की कोई योजना है; और

(ख) यदि हाँ, तो यह कार्य कब शुरू होगा और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री हरदीप सिंह पुरी)

(क) और (ख): शहरी परिवहन, जोकि शहरी विकास का अभिन्न अंग है, राज्य का विषय है। अत: संबंधित राज्य सरकारें मेट्रो रेल परियोजनाओं सहित, शहरी परिवहन अवसंरचना को आरंभ करने, विकसित करने और उसके निधियन के लिए उत्तरदायी हैं। संबंधित राज्य सरकारों द्वारा जब कभी भी अनुरोध किया जाता है, केन्द्र सरकार मौजूदा नीति, प्रस्ताव की व्यवहार्यता और संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर शहरों या शहरी समूहों में मेट्रो रेल प्रस्तावों के लिए वित्तीय सहायता पर विचार करती है। इस मंत्रालय में अब तक ओडिशा राज्य सरकार से ऐसा कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

******